# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–16 सितम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

बेसिक शिक्षा विभाग के सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता के खिलाफ प्रदेश सरकार सर्वोच्च न्यायालय में रिवीजन याचिका दाखिल करेगी। यह जानकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश के शिक्षक अनुभवी हैं और समय–समय पर सरकार द्वारा उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाता रहा है। ऐसे में उनकी योग्यता और सेवा के वर्षों को नजरअंदाज करना उचित नहीं है।

**********

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आकलन वर्ष दो हजार पचीस छब्बीस के लिए आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि एक दिन बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब रिटर्न आज रात बारह बजे तक दाखिल किए जा सकेंगे। आयकर विभाग ने कल देर रात सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी।

**********

इस महीने तीन सितम्बर को जीएसटी परिषद ने आम लोगों की जीवन सुगमता के लिए कई क्षेत्रों में कर कटौती की थी। कृषि क्षेत्र में जीएसटी सुधारों को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***1800 सीसी से कम क्षमता वाले ट्रैक्टरों पर जीएसटी की दर 12: से घटाकर 5: कर दी गई है। टायर, ट्यूब और हाइड्रोलिक पंप जैसे ट्रैक्टर के कल–पुर्जों पर जीएसटी घटाकर 5: कर दी गई है जो पहले 18: थी। खेती में इस्तेमाल होने वाले विशिष्ट जैब कीटनाशक सूक्ष्म पोषक तत्व, ड्रिप सिंचाई प्रणाली और पानी छिड़काव प्रणाली के साथ ही फसल कटाई और अनाज की छटाई में उपयोग होने वाली विभिन्न कृ षि मशीनों पर भी जीएसटी की दर 12: से घटाकर 5: कर दी गई है। ये नई जीएसटी दरें 22 सितंबर से लागू की जाएगी। शिवांग के साथ नीतिका गुप्ता आकाशवाणी समाचार नई दिल्ली।***

**********

कल से शुरू हो रहे 'सेवा पर्व' के तहत आज लखनऊ में दो दिवसीय रोजगार मेला शुरू हुआ। मेले का आयोजन कौशल विकास मंत्रालय द्वारा किया गया है। मेले में 100 से ज्यादा कंपनियाँ युवाओं को लगभग सात हजार पांच सौ नौकरियों और अप्रेंटिसशिप के अवसर दे रही हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से अभिप्रेरित सरकार प्रगति और परिवर्तन के लिए लगातार काम कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में नवीकरणीय और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में सकारात्मक बदलावों के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यों को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***स्वच्छ ऊर्जा न केवल कार्बन उत्सर्जन को कम कर रही है, बल्कि हरित रोजगार भी पैदा कर रही है। ऊर्जा की पहुँच में सुधार हो रहा है और एक वैश्विक जलवायु नेतृत्व के रूप में भारत की भूमिका मजबूत हो रही है। पिछले महीने गुजरात के हंसलपुर में एक कार्यक्रम के दौरान हरित गतिशीलता योजनाओं का शुभारंभ करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि स्वच्छ ऊर्जा और स्वच्छ गतिशीलता एक वैश्विक केंद्र के रूप में भारत के भविष्य को आकार देंगे।***

***ये हमारा फ्यूचर है, ऐसे ही प्रयासों से भारत तेजी के साथ क्लीन एनर्जी और क्लीन मोबिलिटी का एक रिलायबल सेंटर बनेगा।***

***मार्च 2014 से जून 2025 तक, नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता लगभग तीन गुना बढ़कर 226 दशमलव आठ गीगावाट हो गई है। सौर ऊर्जा उत्पादन एक लाख 8 हजार गीगावाट प्रति घंटे से भी ज्यादा हो गया है, जिससे भारत जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक बन गया है।***

***अपना अनुभव साझा करते हुए, वाराणसी, उत्तर प्रदेश के श्री आसियानशी ने कहा कि पीएम–सूर्य घररू मुफ्त बिजली योजना नागरिकों के लिए अपनी छतों पर बिजली पैदा करने और ग्रिड को अतिरिक्त बिजली बेचकर कमाई करने का रास्ता खोल रही है।***

***हर नए सौर पैनल की स्थापना और हर कार्यशील पवन टरबाइन के साथ, भारत एक स्वच्छ और हरित कल की ओर अपने परिवर्तन का एक शक्तिशाली अध्याय लिख रहा है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं हिमांशु कांडपाल।***

**********

लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में आज से भारत 'ए' और आस्ट्रेलिया 'ए' के बीच टेस्ट मैच की शुरुआत हुई। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लंच ब्रेक के बाद बिना विकेट खोए एक सौ अड़तीस रन बना लिए थे। बारिश के कारण आज पहले दिन का पहला सत्र नहीं खेला जा सका।

**********

मौसम विभाग ने आज से लेकर उन्नीस सितम्बर तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं भारी बारिश की चेतावनी दी है। विभाग ने आज और कल इस अंचल में कहीं–कहीं बिजली गिरने की भी आशंका जताई है। इस बीच, गोरखपुर और आसपास के जिलों में आज भी कुछ स्थानों पर रुक–रुक कर हल्की से मध्यम वर्षा का क्रम जारी है।

**********